# शहर में जुटेंगे फार्मा दिग्गज, निवेश के नए रास्ते खुलेंगे

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** यूपी को देश का फार्मास्यूटिकल और मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए योगी सरकार 'फार्मा कॉन्क्लेव 1.0: इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन यूपी' का आयोजन करने जा रही है। FSDA और इन्वेस्ट यूपी द्वारा आयोजित यह कॉन्क्लेव तीन फरवरी को लखनऊ के होटल ताज में होगा, जिसका उद्घाटन सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे। कॉन्क्लेव को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ऑनलाइन संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, राकेश सचान, मयंकेश्वर शरण सिंह, जसवंत सिंह सैनी और दयाशंकर मिश्र दयालु भी शिरकत करेंगे।

'फार्मा कॉन्क्लेव 1.0: इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन यूपी' तीन को, सीएम करेंगे उद्घाटन

**अग्रणी कंपनियां लेंगी हिस्सा :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (FSDA) आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने के लक्ष्य को साकार रूप देने के लिए फार्मा और मेडिकल डिवाइस सेक्टर को उनकी रीढ़ के रूप में विकसित किया जा रहा है। कॉन्क्लेव में रामकी ग्रुप के चेयरमैन (राज्यसभा सदस्य) अयोध्या रामी रेड्डी, सन फार्मा के चेयरमैन दिलीप सांघवी, मैनकाइंड फार्मा के चेयरमैन रमेश जुनेजा, डॉ. रेड्डीज के चेयरमैन डॉ. सतीश रेड्डी, जाइडस लाइफ साइंसेज के चेयरमैन पंकज आर. पटेल और टॉरंट फार्मा के वाइस चेयरमैन जीनल मेहता शामिल होंगे।

**कई बिंदुओं पर मंथन :** कॉन्क्लेव के सत्रों में एमएसएन लेबोरेटरीज के एमएसएन रेड्डी, डाबर के निदेशक आदित्य बर्मन, एल्केम के निदेशक संदीप सिंह मौजूद रहेंगे। उद्योग जगत के ये दिग्गज यूपी में निवेश, उत्पादन, अनुसंधान और नवाचार की संभावनाओं पर मंथन करेंगे। कॉन्क्लेव को देश के सबसे बड़े फार्मा संगठन इंडियन फार्मास्युटिकल अलायंस (IPA), इंडियन ड्रग मैन्युफैक्चरर्स असोसिएशन (IDMA), बल्क ड्रग मैन्युफैक्चरर्स असोसिएशन ऑफ इंडिया (BDMAI), ऑर्गनाइजेशन ऑफ फार्मास्युटिकल प्रॉड्यूसर्स ऑफ इंडिया (OPPI) और फेडरेशन ऑफ फार्मा आंत्रप्रेन्योर (FOPE) जैसे संगठनों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।